# પ્રથમ લેખિત કસોટી : ઓક્ટોબર-૨૦૧૭

તારીખ : ૦૯/૧૦/૨૦૧૭ ધોરણ-૮ સમય : ૧૧:૦૦ થી ૧૪:૦૦
વાર : સોમવાર વિષય : હિન્દી કુલ ગુણ : ૮૦

વિદ્યાર્થીનું નામ : ______________________ બેઠક નંબર : ________

**સૂચના :** (1) પ્રશ્નોના જવાબ અલગ ઉત્તરવહીમાં લખવાના રહેશે.

**प्रश्न-१ (अ) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।** (10)

(१) हम दुनिया में __________ की मर्जी से आए हैं ।

(अ) माता (ब) पिता (क) परिवार (ड) खुदा

(२) हमें खुदा की __________ से शरीर और प्राण मिले हैं ।

(अ) हिम्मत (ब) किस्मत (क) मेहनत (ड) रहमत

(३) रमजान के पूरे तीस __________ के बाद ईद आती है ।

(अ) विधानों (ब) दानों (क) केरों (ड) रोजों

(४) सुनीता और कल्पना चावला दोनों को किससे बेहद लगाव था ?

(अ) भारतीय फिल्मों से (ब) भारतीय नृत्यों से

(क) भारतीय भोजन से (ड) भारतीय संगीत से

(५) अमर सपूत किसका नया निर्माण करेंगे ?

(अ) इमारतों का (ब) सपनों का

(क) देश का (ड) फिल्मों का

(६) हमारे पास सन् २०२० तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सुनियोजित __________ भी उपलब्ध है ।

(अ) नकशा (ब) धन (क) सामान (ड) खाका

(७) सर्वदमन के मुख की दमक __________ के समान थी

(अ) बिजली (ब) सोने (क) हीरे (ड) अग्नि

(८) 'माँ ! कह एक कहानी' कविता की शैली __________ की है ।

(अ) संवाद (ब) विवाद (क) प्रतिवाद (ड) प्रसाद

(९) सिध्धार्थ ने किस पक्षी की रक्षा की ?

(अ) कबूतर (ब) कोयल (क) हंस (ड) मोर

Scanned by CamScanner

(१०) ममता कहाँ छिप गई थी ?

(अ) मृगवाव में (ब) गुफा में (क) [illegible] में (ड) जंगल में

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। (किन्ही छः) (6)

(१) हम दुनिया में किसकी ईच्छा से आए है ?

(२) रमजान ईद के दिन मुसलमान लोग कहाँ जाते है ?

(३) सुनीता कितने समय तक अंतरिक्ष में रहकर लौटी ?

(४) डालों पर बैठे पंछी क्या कर रहे है ?

(५) डॉ. कलाम किस भाषा को पढाई का उत्तम माध्यम मानते है ?

(६) शकुंतला किसकी पुत्री थी ?

(७) राहुल के पिताजी कहाँ भ्रमण करते थे ? कब ?

**प्रश्न-२ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्य में लिखिए। (किन्ही चार)** (8)

(१) ऋषियों ने बालक का नाम सर्वदमन क्यों रखा ?

(२) रोजे के दिन मुसलमान क्या करते हैं ?

(३) सुनीता पंडया सुनीता विलियम्स कैसे बनीं ?

(४) ममता की झोंपडी में आश्रय माँगने कौन आया ?

(५) डॉ. कलाम की दृष्टि में साहस की परिभाषा क्या है ?

**(ब) निम्नलिखित रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए।** (5)

(१) तू चाहे तो __________ रखे। (मुझे, हमें)

(२) __________ अमीना का पोता था। (मोहसिन, हामिद)

(३) झुलासन गाँव गुजरात के __________ जिले में है। (महेसाना, पाटन)

(४) उठो, धरा के __________ सपूतो, पुनः नया निर्माण करो। (अमर, ज्ञान)

(५) खिलौने देखकर कोई __________ नहीं देगा। (दुआएँ, बधाई)

**(क) निम्नलिखित मुहावरें के अर्थ देकर वाक्यप्रयोग कीजिए। (किन्हीं दो)** (4)

(१) छाती पीट लेना।

(२) सर ऊँचा होना।

(३) बात पर कान नहीं धरना।

**(ड) निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखिए।** (2)

मूर्ति, दिशा, कहानी, गमला

**(इ) विरामचिह्नका उचित प्रयोग कीजिए।** (1)

ठीक ठीक बताओ

Scanned by CamScanner

(ई) शब्दसमूह के लिए एक शब्द लिखिए । (किन्हीं दो) (2)

(१) ईद की नमाज पढने की जगह

(२) दिन में दिखाई देनेवाला स्वप्न

(३) माँ/परिवार की भाषा

**प्रश्न-३ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्य में लिखिए । (किन्ही तीन) (6)**

(१) आप भगवान से क्या प्रार्थना करते हैं ?

(२) कवि ने किसे शुभ-संपत्ति कहा है ?

(३) राहुल के पिताजी कहाँ भ्रमण करते थे ? कब ?

(४) कवि ईश्वर से क्या चाहते है ?

**(ब) काव्यपंक्तियाँ पूर्ण कीजिए । (किन्ही एक) (4)**

(१) तेरी है जमीं ..............................

..................................................

..................................................

......................... तू बख्शीश कर ॥

(२) उठो धरा के ..................................

..................................................

..................................................

.............................. नव प्राण भरो ॥

**प्रश्न-४ (अ) निम्नलिखित शब्दों के साथ सही उपसर्ग जोडकर शब्द लिखिए । (किन्ही दो) (2)**

(१) गुण (२) योग (३) देश

**(ब) निम्नलिखित शब्दों के साथ सही प्रत्यय जोड़कर शब्द लिखिए । (किन्ही दो) (2)**

(१) भीख (२) शेर (३) पढ

**(क) निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय पहचानकर लिखिए । (किन्हीं दो) (2)**

(१) उमंग और स्मित घर चले गए ।

(२) वाह ! क्या कैच लिया है ।

(३) वह तेज दोड़ा ।

**(ड) निम्नलिखित वाक्यों का काल पहचानकर लिखिए । (किन्ही दो) (2)**

(१) रजत गा नहीं रहा था, कविता बना रहा था ।

(२) हाँ भैया, अब मैं तेरी बात मानूँगा ।

(३) मैं मौन रहकर तुम्हारी सेवा करना चाहता हूँ ।

Scanned by CamScanner

(इ) वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए । (किन्हीं दो) (2)

(१) लडकी ने नई सलवार पहनी है ।

(२) अध्यापक ने छात्र को कहानी सुनाई ।

(३) लू चलने के कारण लता सूख गई है ।

(ई) लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए । (किन्हीं दो) (2)

(१) मैं घर जाती हूँ ।

(२) श्रीमान जा रहे है ।

(३) नर खा रहा है ।

प्रश्न-५ (अ) **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर आठ-दश वाक्यों में निबंध लिखिए । (किन्हीं एक)** (8)

(१) वर्षाऋतु (२) मेरादेश (३) मेरा प्रिय वैज्ञानिक

(ब) **निम्नलिखित रुपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए ।** (6)

एक नगर में दो स्त्रियाँ – एक ही बालक के लिए दावेदार – आपस में तकरार – मामला न्यायाधीश के समक्ष – दोनों की बातें सुनना – न्याय करना – बालक के दो टुकडे करके बाँट लो – एक स्त्री मौन – दूसरी का रोकर कहना बच्चे को न काटो – उसे ही दे दों – न्यायाधीश का फैसला – रोती हुई स्त्री को बालक सोंपना ।

**अथवा**

**निम्नलिखित विषय पर पत्रलेखन कीजिए ।**

देश की उन्नति, विकास एवं रक्षा के लिए आप क्या बनना चाहेंगे ? ''किसान या सैनिक'' ? अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

(क) **निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (किन्ही तीन)** (6)

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार एक अच्छा जंगल ''जैविक भंडार घर'' होता है। यह हजारों प्रजापतियों के पौधो को उजागर रखता है, जो बाद में चलकर बहूमूल्य हो जाते है। अगर हम जंगल को एक सीमा से भी ज्यादा छाँटते हैं या खत्म करते हैं, तो वे चीजें भी नष्ट हो जाती हैं, जिनकी हमे कभी भी बहुत जरुरत हो सकती है । वह एक संभवित पौधा खाने की औषधिय वस्तु या कोई उपयोगी चीज बनानें में इस्तेमाल होनेवाली कोई जरुरी वस्तु में से कुछ भी हो सकता है।

**प्रश्न :**

(१) एक अच्छा जंगल क्या कहलाता है ?

(२) जंगल को ज्यादा छाँटने से क्या नुकसान होता है ?

(३) इस परिच्छेद का उचित शीर्षक दीजिए ।

(४) पर्यायवाची शब्द लीखिए : (१) जंगल (२) घर (३) बहुत

Scanned by CamScanner